# शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए पंजीकरण दिशा-निर्देश


1. शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र को भरने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://dbrauadm.samarth.edu.in/ पर समर्थ पोर्टल के **Admission 2026-27** के लिंक पर क्लिक करें। विश्वविद्यालय के आवासीय संस्थानों/विभागों व विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही होगें। विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन की पूर्ण प्रक्रिया को इस लिंक https://www.youtube.com/watch?v=AIfeZ73TJ7A के माध्यम से समझ सकते है।
2. प्रवेश प्रक्रिया के 7: चरण है:-

2.1 सर्वप्रथम छात्र/छात्रा समर्थ पोर्टल के Admission 2026-27 पर अपना पंजीकरण करेगा।

- **नाम,**
- **जन्मतिथि,**
- **ई0मेल0 आई0डी0**
- **मोबाईल न0**

**पंजीकरण के समय छात्र द्वारा अपने निम्न दस्तावेज अपलोड किये जायेंगें।**


- **10 अंकपत्र**
- **12 अंकपत्र**
- **स्नातक (यदि स्नातकोत्तर में प्रवेश लेना हो तब)**





2.2 पंजीकरण के बाद छात्र/छात्राओं को सत्र 2026-27 हेतु समर्थ आई0डी0 प्राप्त होगी। जिसके द्वारा छात्र/छात्रा लॉगिन करेगा।

**छात्र/छात्राओं को लॉगिन करने हेतु ओटीपी सत्यापन करना होगा।**

2.3 छात्र लॉगइन करने के बाद अपनी Complete Profile पर click करेगा। इसके उपरान्त छात्र का फॉर्म खुलना जिसमें छात्र द्वारा समस्त जानकारी भरी जायेगी और उसके बाद Apply Now पर Click करना होगा।



2.4 इसके पश्चात् छात्र/छात्राऐं अपना अन्य विवरण भरेगें। **(एन0सी0सी0 व एन0एस0एस0 जैसी जानकारी भरेगा)**





2.5 इसके उपरांत छात्र/छात्राऐं अपना फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करेगें।




2.6 छात्र/छात्राओं को अपना विवरण पूर्ण भरने के बाद समर्थ रजिस्ट्रेशन शुल्क रू0 400 का ऑनलाइन भुगतान करना होगा।




2.7 विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम व सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों का चयन, अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप Programme को अपनी अर्हता अनुसार चयन करेगा।




3. Programme योग्यता के अनुसार चयन करने के बाद छात्र/छात्राऐं महाविद्यालय का चयन करेगें। जहॉ उसको प्रवेश हेतु रिपोर्ट करना होगा।





4. फार्म पूर्ण होने के बाद छात्र/छात्रा ध्यानपूर्वक Submit & Lock बटन पर क्लिक करेगा।




5. फार्म भरने के बाद निर्धारित शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा करेगा तथा उसकी रसीद डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रखेगा। स्नातक स्तर पर रू0 400 एवं परास्नातक स्तर पर भी रू0 400 शुल्क देय होगा।

6. यदि किसी विद्यार्थी का पूर्व में ही समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण (जैसे-बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0कॉम0 व अन्य पाठ्यक्रमों) है और वह इसी विश्वविद्यालय के आवासीय/सम्बद्ध महाविद्यालय के किसी पाठ्यक्रम (स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम) में प्रवेश लेता है तो वह अपनी समर्थ पंजीकरण संख्या से लॉगिन करके अपने नये पाठ्यक्रम के लिए समर्थ वेब-रजिस्ट्रेशन कर सकता है। छात्र/छात्राओं को पूर्व में इस विश्वविद्यालय से नामांकन संख्या यदि प्राप्त है तो वह आवश्यक रूप से अपनी नामांकन संख्या अपलोड करेगें।




7. अभ्यर्थी फार्म को सबमिट करने के बाद उसका प्रिन्ट आउट निकाल कर सुरक्षित रखेगा एवं इसको लेकर सम्बद्धित महाविद्यालय से सम्पर्क करेगा।
8. अभ्यर्थी को Samarth Registration Number (SRN) मिल जायेगा और प्रवेश फॉर्म का प्रिंट लेकर उस कॉलेज में रिपोर्ट करेगा जहॉ उसको प्रवेश लेना है। अभ्यर्थी एक बार में एक से ज्यादा महाविद्यालय में रिपोर्ट के लिए अपने फार्म को जमा कर सकता है।
9. अभ्यर्थी जब महाविद्यालय में रिपोर्ट करेगा तब महाविद्यालय की तरफ से अभ्यर्थी के पास एक सूचना मोबाइल पर एसएमएस के द्वारा भेजी जायेगी कि आपका प्रवेश फॉर्म महाविद्यालय में जमा हो गया है और उसे एक निश्चित दिनांक को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए संपर्क करना है ये सूचना प्रवेश को सुनिश्चित नहीं करेगी।
10. महाविद्यालयों में रिपोर्ट करने के बाद, यह अभ्यर्थी की जिम्मेदारी है कि वह लगातार महाविद्यालयों के सम्पर्क में बना रहे और प्रवेश के लिए महाविद्यालय द्वारा बताए गए नियमों का पालन करता रहें।
11. विषयों का आवंटन, महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी की प्राथमिकता और उसकी मेरिट के आधार पर ही होगा। यदि अभ्यर्थी विषयों के आवंटन से संतुष्ट नहीं है तब या तो वह महाविद्यालय से विषय परिवर्तन के लिए अनुरोध कर सकता है अथवा किसी अन्य महाविद्यालय में प्रवेश के लिय जा सकता है जहॉ उसने रिपोर्ट किया है।
12. उक्त प्रक्रिया में SRN और Application Form में दी गयी सूचनाओं के लिए अभ्यर्थी स्वंय उत्तरादायी होगा। भविष्य में यदि कोई भी सूचना असत्य पायी जाती है जब उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का ही होगा, और इस दशा में उसका प्रार्थना पत्र/प्रवेश निरस्त करने का अधिकार, विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का रहेगा।
13. यदि कोई विद्यार्थी किसी महाविद्यालय में प्रथम वरीयता में प्रवेश पा जाता है, प्रवेशोपरात यदि किसी दूसरे महाविद्यालय में प्रवेश पाना चाहता है तो ऐसी स्थिति में छात्र के द्वारा पूर्व में लिये गये प्रवेश को प्रार्थना पत्र देकर 15 दिवस में रदद् कराना होगा तथा महाविद्यालय द्वारा उसे केवल 90 प्रतिशत शुल्क ही वापिस किया जायेगा। शुल्क वापिसी की प्रक्रिया 01 माह के अन्दर सम्पन्न करनी होगी एवं यदि कोई विद्यार्थी 01 माह के अंतराल में किसी महाविद्यालय से अपना प्रवेश रदद् कराता है तो उसे केवल 75 प्रतिशत शुल्क महाविद्यालय द्वारा वापिस किया जायेगा।
14. अभ्यर्थी को समर्थ पोर्टल पर अपने लॉगिन आई0डी0 पर प्रवेश की सूचना प्राप्त हो जायेगी।